पत्रांक : 09/विविध–10/2025 214

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

निदेशक प्रेषक,

निदेशक, जन शिक्षा,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना दिनांक - 15/4/2025

विषय : बिपार्ड द्वारा संचालित स्किल पार्क में शुरू होने वाले रोजगार परक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के संबंध में।

प्रसंग : विभागीय पत्रांक 206 दिनांक 04.04.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में कहना है कि अध्यक्ष, राजस्व पर्षद–सह–महनिदेशक, बिपार्ड की अध्यक्षता में दिनांक 11.04.2025 स्किल पार्क की स्थापना एवं संचालन से संबंधित सम्पन्न बैठक में यह आदेश प्राप्त हुआ है कि दिनांक 21.04.2025 को अधिवेशन भवन, पटना में वैसे विद्यार्थी जो मैट्रिक परीक्षा अनुत्तीर्ण है अथवा B-BOSE द्वारा संचालित कक्षाओं में नामांकित है, को अपने अभिभावकों के साथ भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाना है।

ज्ञातव्य हो कि बिपार्ड द्वारा संचालित स्किल पाठ्यक्रम में नामांकन लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

वर्णित तथ्यों के आलोक में निदेश दिया जाता है कि अपने स्तर से स्किल पाठ्यक्रम में नामांकन लेने हेतु अपने अधीनस्थ माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से सम्पर्क कर मैट्रिक परीक्षा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा B-BOSE द्वारा संचालित कक्षाओं में नामांकित विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों के साथ दिनांक 21.04.2025 को आयोजित बैठक में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाय।

विश्वासभाजन

निदेशक, जन शिक्षा।

ज्ञापांकः– 09/विविध–10/2025 214 पटना, दिनांक– 15/4/2025

प्रतिलिपि :–सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना/सचिव, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में अपने स्तर से प्रचार–प्रसार कराते हुए दिनांक 21.04.2025 को अधिवेशन भवन में आमंत्रित करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाय।

निदेशक, जन शिक्षा।

ज्ञापांकः– 09/विविध–10/2025 214 पटना, दिनांक– 15/4/2025

प्रतिलिपि :– वरीय सहायक निदेशक, बिपार्ड स्किल पार्क, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, जन शिक्षा।

E:\Sec.Edu\Office Letter (SEC.DIRECTOR-R). 1540